Rajasthan Patrika , Chennai, 09 Dec 12

दिल्ली की टीम बनी 'टीसीएस आईटी विज 2012' नेशनल चैम्पियन

चेन्नई
chennai@patrika.com

दिल्ली की न्यु एरा पब्लिक स्कूल की टीम 'टीसीएस आईटी विज 2012' की नेशनल चैम्पियन। चेन्नई में शनिवार को आयोजित इस प्रतियोगिता के नेशनल फाइनल में कुल 6 टीम चेन्नई, कोयम्बत्तूर, बेंगलुरू, हैदराबाद, कोलकता और अहमदाबाद ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का अंतिम चरण दिल्ली और कोलकाता की टीम में टाई पर आकर रूक गया जहां एक अतिरिक्त सवाल का जवाब दे दिल्ली विजेता बनी। दिल्ली की टीम में प्रेमपाल सिंह और अरनम शर्मा थे। कोलकाता की टीम जिसमें झारखंड के जमशेदपुर के अविरल दासगुप्ता और शुभम अग्रवाल थे। दिल्ली की टीम ने कुल 40 अंक प्राप्त कर खिताब अपने नाम किया वहीं कोलकाता की टीम को 35 अंक मिले। प्रतियोगिता में 14 शहरों के विभिन्न स्थानों से 17,478 स्कूल में क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता के बाद फाइनल राउंड के लिए इन 6 टीमों का चयन किया गया। इस मौके पर टाटा कंसलटेंसी सर्विस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आज के प्रतियोगियों को कल का परिवर्तन के हेतु बनाना है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं में छिपी प्रतिभा को प्रतिस्पर्धा के आधार पर बढ़ावा देना चाहती है क्योंकि इससे ही सही और गुणवत्तापरक विकास संभव है। प्रतियोगिता के विजेता को एक्सबाक्स 360किनेक्ट बंडल, आईपॉड टच और आईपॉड डाकिंग स्टेशन दिया गया। उपविजेता को आईपैड और सोलर किबोर्ड फोलियो मिला। इसके अलावा अन्य विजेताओं को यूएसबी पेन ड्राइव, फास्ट ट्रैक घड़ी और कॉफी मग दिया गया।



चेन्नई में शनिवार को आयोजित 'टीसीएस ऑईटी विज 2012' की नेशनल चैम्पियन को सम्मानित करते टीसीएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक एन. चंद्रशेखरन।